**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1154**
**(30 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**आंध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का कार्यान्वयन**

**1154. श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी:**

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत संस्वीकृत , निर्माणाधीन और निर्मित आवासों का राज्य-वार , विशेषकर आन्ध्र प्रदेश के संदर्भ में कुल संख्या कितनी है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान आन्ध्र प्रदेश में जिला-वार , विशेषकर बापतला जिले में इस योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों तक पहुंच प्रदान किए गए लाभार्थियों की कुल संख्या कितनी है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान जिला-वार विशेषकर बापतला जिले में निर्मित किए जाने वाले उन लंबित आवासों, जिनके लिए निधि स्वीकृत की गई है, की जिला-वार कुल संख्या कितनी है; और

(घ) उक्त अवधि के दौरान आन्ध्र प्रदेश में पीएमएवाई जी के अंतर्गत आवासों के निर्माण के प्रयोजनार्थ जिला-वार, विशेषकर बापतला जिले में आवंटित और उपयोग की गई कुल धनराशि कितनी है?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. चन्द्र शेखर पेम्मासानी)**

**(क)** दिनांक 25.07.2024 की स्थिति के अनुसार मंत्रालय द्वारा राज्यों को आवंटित लक्ष्यों पात्र लाभार्थियों को स्वीकृत आवासों और निर्मित आवासों का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

**(ख)** पिछले पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश के जिलों में इस योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को दिए गए निर्मित आवासों की कुल संख्या **अनुबंध-II** में दी गई है।

**(ग)** वर्तमान वित्त वर्ष 2023-24 तक पीएमएवाई-जी के तहत, दिनांक 25.07.2024 तक, आंध्र प्रदेश को कुल 2,46,430 आवासों (लगभग) का लक्ष्य आवंटित किया गया है, जिसमें से 2,46,426 आवासों को स्वीकृत किया गया है, 76,866 आवासों का निर्माण पूरा किया जा चुका है और 1,69,560 आवासों का निर्माण अभी बाकी है। कुल 1,79,900 लाभार्थियों को सहायता की पहली किस्त दी गई, जिनमें से 1,03,034 आवासों का निर्माण अभी बाकी है। पहली किस्त पाने वालों की तुलना में जिलेवार स्वीकृतियों, जारी की गई पहली किस्त, निर्माण और निर्माण के लिए लंबित से संबंधित सूचना **अनुबंध-III** में दी गई है।

**(घ)** राज्य को निधियों का केंद्रीय अंश जारी करना, व्यय विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार राज्य के एसएनए खाते के माध्यम से उपयोग की गई निधियों के अध्यधीन है। केंद्र राज्य को एक इकाई मानकर राज्य को निधियां जारी करता है और निधियों का जिलेवार आवंटन राज्य की जिम्मेदारी है। **वर्ष 2016 में पीएमएवाई-जी की शुरुआत के बाद से, आंध्र प्रदेश को इस योजना के तहत 1827.09 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है और इसमें से 1017.82 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है।** पिछले पांच वर्षों के दौरान (वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2023-24 तक), आंध्र प्रदेश को पीएमएवाई-जी के तहत केंद्रीय अंश के रूप में 269.76 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं और राज्य द्वारा 591.31 करोड़ रुपये का उपयोग किया गया है (इसमें पिछले वित्तीय वर्षों में राज्य को जारी की गई राशि शामिल है)। **हालाँकि, वर्तमान वित्त वर्ष में राज्य को कोई निधियां जारी नहीं की गई है क्योंकि राज्य से निधियां जारी करने का पूर्ण प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।**

***

अनुबंध-।

| लोक सभा में दिनांक 30.07.2024 को "आंध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का कार्यान्वयन" के संबंध में उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1154 के भाग (क) में उल्लिखित ब्यौरा | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 25.07.2024 की स्थिति के अनुसार पीएमएवाई-जी अंतर्गत मकान प्रगति (इकाई संख्या में)** | | | | |
| **क्र.सं.** | **राज्य का नाम** | **लक्ष्य** | **स्वीकृति** | **निर्मित** |
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 35937 | 35684 | 34746 |
| 2 | असम | 2051842 | 2047367 | 1903864 |
| 3 | बिहार | 3701362 | 3700928 | 3658868 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 1176142 | 1176141 | 1087671 |
| 5 | गोवा | 257 | 254 | 237 |
| 6 | गुजरात | 603343 | 602054 | 554000 |
| 7 | हरियाणा | 29402 | 29395 | 28669 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 29138 | 28227 | 17325 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 336498 | 335376 | 238336 |
| 10 | झारखंड | 1592160 | 1592135 | 1561630 |
| 11 | केरल | 35157 | 35118 | 33841 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 3799546 | 3798598 | 3664571 |
| 13 | महाराष्ट्र | 1374105 | 1364785 | 1248622 |
| 14 | मणिपुर | 101550 | 101548 | 30537 |
| 15 | मेघालय | 188034 | 186994 | 76530 |
| 16 | मिजोरम | 29967 | 29966 | 20508 |
| 17 | नागालैंड | 48830 | 48830 | 15254 |
| 18 | ओडिशा | 2725585 | 2723967 | 2228005 |
| 19 | पंजाब | 39689 | 39627 | 38186 |
| 20 | राजस्थान | 1716779 | 1715490 | 1693886 |
| 21 | सिक्किम | 1399 | 1398 | 1359 |
| 22 | तमिलनाडु | 747202 | 741843 | 620819 |
| 23 | त्रिपुरा | 376913 | 376794 | 357931 |
| 24 | उत्तर प्रदेश | 3614870 | 3612915 | 3587825 |
| 25 | उत्तराखंड | 69194 | 68677 | 67060 |
| 26 | पश्चिम बंगाल | 4569423 | 4569365 | 3412973 |
| 27 | अण्डमान और निकोबार | 3424 | 3424 | 1227 |
| 28 | दादरा और नगर हवेली | 11206 | 11205 | 3865 |
| 29 | दमन और दीव | 158 | 158 | 22 |
| 30 | लक्षद्वीप | 45 | 53 | 45 |
| 31 | पुदुचेरी | 0 | 0 | 0 |
| **32** | **आंध्र प्रदेश** | **246430** | **246426** | **76866** |
| 33 | कर्नाटक | 241409 | 238103 | 130961 |
| 34 | तेलंगाना लद्दाख | 0 | 0 | 0 |
| 35 | अरुणाचल प्रदेश | 3004 | 3004 | 3004 |
| | **कुल** | **2,95,00,000** | **2,94,65,849** | **2,63,99,243** |

**अनुबंध-II**

लोक सभा में दिनांक 30.07.2024 को "आंध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का कार्यान्वयन" के संबंध में उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1154 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित ब्यौरा

| क्र.सं. | जिला का नाम | दिनांक 25.07.2024 की स्थिति के अनुसार पिछले वित्तीय वर्षों (2019-20 से 2023-24 तक) में निर्मित कुल आवास (संख्या में) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2019-2020 | 2020-2021 | 2021-2022 | 2022-2023 | 2023-2024 | कुल निर्मित आवास |
| 1 | अल्लूरी सीतारमा राजू | 1 | 0 | 0 | 182 | 2782 | 2965 |
| 2 | अनकापल्ली | 1 | 0 | 0 | 189 | 755 | 945 |
| 3 | अनंतपुर | 0 | 0 | 0 | 7 | 1227 | 1234 |
| 4 | अन्नमय्या | 0 | 0 | 0 | 0 | 90 | 90 |
| **5** | **बापतला** | **0** | **0** | **0** | **157** | **2136** | **2293** |
| 6 | चित्तूर | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 2 |
| 7 | कडप्पा | 0 | 0 | 0 | 3 | 202 | 205 |
| 8 | पूर्वी गोदावरी | 0 | 0 | 0 | 106 | 1067 | 1173 |
| 9 | एलुरु | 0 | 0 | 0 | 327 | 3141 | 3468 |
| 10 | गुंटूर | 0 | 0 | 0 | 128 | 378 | 506 |
| 11 | काकीनाडा | 0 | 0 | 0 | 49 | 546 | 595 |
| 12 | कोनासीमा | 0 | 0 | 0 | 398 | 2231 | 2629 |
| 13 | कृष्णा | 0 | 0 | 0 | 54 | 439 | 493 |
| 14 | कुरनूल | 0 | 0 | 0 | 23 | 2104 | 2127 |
| 15 | नांदयाल | 0 | 0 | 0 | 24 | 2081 | 2105 |
| 16 | नेल्लोर | 1 | 0 | 0 | 43 | 782 | 826 |
| 17 | एनटीआर | 1 | 0 | 0 | 32 | 857 | 890 |
| 18 | पलनाडु | 1 | 0 | 0 | 124 | 2098 | 2223 |
| 19 | पार्वतीपुरम मन्यम | 0 | 0 | 0 | 13 | 1980 | 1993 |
| 20 | प्रकाशम | 0 | 0 | 0 | 29 | 1213 | 1242 |
| 21 | श्री सत्य साई | 0 | 0 | 0 | 2 | 392 | 394 |
| 22 | श्रीकाकुलम | 0 | 0 | 0 | 77 | 724 | 801 |
| 23 | तिरुपति | 0 | 0 | 0 | 37 | 556 | 593 |
| 24 | विशाखापत्तनम | 0 | 0 | 0 | 11 | 53 | 64 |
| 25 | विजयनगरम | 0 | 0 | 0 | 29 | 47 | 76 |
| 26 | पश्चिम गोदावरी | 0 | 0 | 0 | 121 | 111 | 232 |
| | **कुल** | **5** | **0** | **0** | **2,167** | **27,992** | **30,164** |

अनुबंध-III

| लोक सभा में दिनांक 30.07.2024 को "आंध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का कार्यान्वयन" के संबंध में उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1154 के भाग (ग) के उत्तर मे उल्लिखित ब्यौ | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दिनांक 25.07.2025 की स्थिति के अनुसार आंध्र प्रदेश में पीएमएवाई-जी में जिलावार निर्मित, लंबित किस्तें और स्वीकृतियां (इकाई संख्या में) | | | | | लंबित मकान |
| क.सं. | जिला का नाम | स्वीकृति | पहली किस्त | निर्मित | |
| 1 | अल्लूरी सीतारमा राजू | 20448 | 18895 | 5145 | 13750 |
| 2 | अनकापल्ली | 8750 | 6039 | 4338 | 1701 |
| 3 | अनंतपुर | 6178 | 4404 | 1983 | 2421 |
| 4 | अन्नमय्या | 1500 | 852 | 181 | 671 |
| **5** | बापतला | **21258** | **15821** | **4547** | **11274** |
| 6 | चित्तूर | 335 | 320 | 261 | 59 |
| 7 | कडप्पा | 3701 | 1385 | 750 | 635 |
| 8 | पूर्वी गोदावरी | 8275 | 6352 | 2540 | 3812 |
| 9 | एलुरु | 19614 | 17905 | 6936 | 10969 |
| 10 | गुंटूर | 7866 | 5911 | 2463 | 3448 |
| 11 | काकीनाडा | 4724 | 3520 | 1354 | 2166 |
| 12 | कोनासीमा | 17715 | 12780 | 8089 | 4691 |
| 13 | कृष्णा | 12501 | 8724 | 3389 | 5335 |
| 14 | कुरनूल | 14526 | 10421 | 3555 | 6866 |
| 15 | नांदयाल | 14903 | 12748 | 3647 | 9101 |
| 16 | नेल्लोर | 15048 | 5861 | 2416 | 3445 |
| 17 | एनटीआर | 6524 | 4227 | 2800 | 1427 |
| 18 | पालनाड्डू | 16797 | 11625 | 5309 | 6316 |
| 19 | पार्वतीपुरम मन्यम | 9742 | 8116 | 3818 | 4298 |
| 20 | प्रकाशम | 9107 | 4454 | 2345 | 2109 |
| 21 | श्री सत्य साई | 5960 | 3187 | 709 | 2478 |
| 22 | श्रीकाकुलम | 6498 | 5108 | 3005 | 2103 |
| 23 | तिरुपति | 6965 | 4460 | 2019 | 2441 |
| 24 | विशाखापत्तनम | 683 | 560 | 422 | 138 |
| 25 | विजयनगरम | 3129 | 3021 | 2328 | 693 |
| 26 | पश्चिम गोदावरी | 3679 | 3204 | 2517 | 687 |
| | **कुल** | **2,46,426** | **1,79,900** | **76,866** | **1,03,034** |